उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2
संख्या-7931/71-2-05-658/2004
लखनऊ : दिनांक 16 जनवरी, 2006

आवश्यकता/अनापत्ति प्रमाण-पत्र
========================

श्री धनवन्तरि आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं रिसर्च सेन्टर, मथुरा द्वारा निजी क्षेत्र में आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज स्थापित करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल उक्त संस्था को जनपद मथुरा में निजी क्षेत्र में आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज खोलने हेतु आवश्यकता/अनापत्ति प्रमाण-पत्र निम्नलिखित शर्तों के साथ निर्गत करने के आदेश प्रदान करते हैं:-

(1) संस्था को आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज (बी०ए०एम०एस०) स्थापित करने की अनुमति तभी होगी जब भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली की संस्तुति पर अपने पक्ष में इस आशय का स्पष्ट आदेश हो अर्थात बी०ए०एम०एस० पाठ्यक्रम हेतु छात्रों के प्रवेश हेतु सीटों का आवंटन हो जाय।

(2) संस्था द्वारा शासन तथा छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर दिये गये आदेशों का पालन किया जायेगा।

(3) जब तक भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली द्वारा संस्था हेतु सीटों का आवंटन तथा छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध न कर दिया जाय तब तक संस्था द्वारा छात्रों का प्रवेश नहीं लिया जायेगा।

(4) संस्था में छात्रों की निर्धारित संख्या का 50 प्रतिशत सीटें सी०पी०एम०टी० अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्था द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों के माध्यम से भरी जायेगी तथा राज्य सरकार द्वारा शिक्षण शुल्क लिया जायेगा।

(5) अनापत्ति/आवश्यकता प्रमाण-पत्र निर्गत होने की तिथि से यदि [illegible] दो वर्ष की अवधि में आयुर्वेदिक कालेज की स्थापना नहीं की जाती है तो प्रदत्त

क्रमश: पृष्ठ--2----

आवश्यकता/अनापत्ति प्रमाण-पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगा।

प्रशान्त त्रिवेदी
सचिव।

संख्या-793(1)/71-2-05-तद्दिनांक

---

उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- चेयरमैन, धनवन्तरि आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं रिसर्च सेन्टर मथुरा।
2- सचिव, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद, नई दिल्ली।
3- सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन नई दिल्ली।
4- सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
5- निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
6- रजिस्ट्रार, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर/भारतीय चिकित्सा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
7- जिलाधिकारी, मथुरा।
8- चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1/3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुरजन)
उप सचिव।

Principal
Shri Dhanwantri Ayurvedic Medical College
& Research Centre
SEMRI Teh. Chhata (Mathura) U.P.